भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार मार्च, 1991 और मार्च, 1992 के अंत में लघु क्षेत्र तथा गैर-लघु क्षेत्र के रुग्ण औद्योगिक एककों की संख्या और बैंक ऋण की बकाया राशि निम्न प्रकार है :—

(राशि करोड़ रु० में)

श्रेणी	एककों की संख्या		बकाया राशि	
	मार्च, 91 के अंत में	मार्च, 92 के अंत में	मार्च, 91 के अंत में	मार्च, 92 के अंत में
रुग्ण औद्योगिक एकक	221472	245575	2792.04	3100.67
गैर-रुग्ण औद्योगिक एकक	1461	1536	5105.57	5786.55
योग	222933	246111	7897.61	8887.22

उद्योगों के लाभांश में वृद्धि

1427. **श्रीमती सुषमा स्वराज :**

श्री राम जेठमलानी :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में विभिन्न उद्योगों के अंतर्गत कार्यरत इकाईयों के लाभांश की राशि में पिछले कुछ वर्षों से निरंतर वृद्धि हो रही है;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1990-91, 1991-92 और 1992-93 में चीनी उद्योग, सीमेंट उद्योग तथा वाहन उद्योग के लाभांश में वर्ष-वार तथा प्रतिशत-वार वृद्धि का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है इन उद्योगों द्वारा उपरोक्त वर्षों में उत्पादन निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप नहीं हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में तथ्य क्या हैं ?

विधि, न्याय तथा कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हंस राज भारद्वाज) : (क) और (ख) कम्पनियों द्वारा लाभांश की घोषणा अपने-अपने वार्षिक साधारण बैठकों में शेरधारकों के अनुमोदन से की जाती है और हर कम्पनी में यह अलग-अलग होता है। ऐसे लाभांशों के बारे में आंकड़ों, जो कि तुलन-पत्रों में उपलब्ध होते हैं, को एक जगह संकलित नहीं किया जाता है तथा उद्योगवार कुल आंकड़े उपलब्ध नहीं है। उपलब्ध सूचना के अनुसार कई औद्योगिक क्षेत्रों में कार्य कर रही कम्पनियों द्वारा वर्ष 1992-93 के लिए घोषित लाभांश की राशि में बढ़ौतरी की प्रवृत्ति रही है।

चुनिन्दा कम्पनियों के संबंध में उपलब्ध सूचना के अनुसार, कुछ कम्पनियों में गत वर्ष (1991-92) की तुलना में वर्ष 1992-93 के लिए ऊंचे दर पर लाभांश की घोषणा की है। वर्ष 1992-93 के लिए चीनी के विनिर्माण में लगी 27 कम्पनियों में से 19 ने लाभांश की घोषणा की है, और इन 19 कम्पनियों में से 10 कम्पनियों ने उच्च दरों पर लाभांश की घोषणा की है। सीमेंट के विनिर्माण में लगी 32 कम्पनियों में से 16 कम्पनियों ने वर्ष 1992-93 के लिए लाभांश की घोषणा की है तथा इन 16 कम्पनियों में से 5 कम्पनियों ने उच्च दरों पर लाभांश की घोषणा की है। आटोमोबाइल्स, हल्के वाणिज्यिक वाहनों व भारी वाणिज्यिक वाहनों के विनिर्माण में लगी कम्पनियों के मामले में 13 कम्पनियों में से 7 ने वर्ष 1992-93 के लिए लाभांश घोषित किया है और इन 7 कम्पनियों में से 2 कम्पनियों ने उच्च दरों पर लाभांश की घोषणा की है।

(ग) और (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जाएगी।